# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे
वर्ष 14 | अंक 6 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रू.
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार, 23 जून 2026 से 29 जून 2026 तक


## निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर विधानसभा-एक, लगातार दूसरे दिन भी हुए भूमिपूजन



आदित्य शर्मा » रणजीत टाइम्स

**इंदौर। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-एक में दो दिवसीय विकास कार्यक्रम के दौरान दूसरे दिन रविवार दिनांक 21 जून को क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-एक एवं 5 में रहवासियों को दो करोड़ 39 लाख 80 हजार के 10 विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पहला सौभाग्य भाजपा का कार्यकर्ता होना है और दूसरा सौभाग्य जनप्रतिनिधि बनकर जनता की सेवा करना है।**

हमारी जनहितैषी नीतियों से क्षेत्र का कायापलट हुआ है उपस्थित जनसमुदाय को संबधित करते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जनता जनार्दन का स्वरूप है और जनता की सेवा करना मतलब जनार्दन यानी भगवान श्रीकृष्ण की सेवा करना है। भाजपा का कार्य करना ईश्वरीय कार्य है, क्योंकि भाजपा कार्यकर्ता देश के लिए कार्य करता है। हमने इंदौर में विपरीत परिस्थितियों में जनसंघ का कार्य किया है। उस समय पार्टी का चिन्ह दीपक था और क्षेत्र में कांग्रेस और कम्यूनिस्ट पार्टी की गुंडागिर्दी चलती थी। हम पीटे भी, फिर हमने अखाड़े में व्यायाम कर शरीर को मजबूत बनाया। अब हम उनका मुकाबला कर उनको पीटने लगे। वो दारु पीने वाले और हम दूध पीने वाले। उस समय लड़ाई होती तो घर पर पुलिस आती थी, तब मेरी मां कहती थी तेरे साथ हनुमानजी है। मेरी मां की सीख मुझे हमेशा काम आई और हरियाणा से लेकर बांगाल जैसे अराजक प्रदेश में मैने बैखौफ होकर काम किया। एक जनप्रतिनिधि सफल तभी है जब उसकी वजह से उसकी जनता के चेहरे पर मुस्कान हो। आपके द्वारा किए गए कार्य आपकी पहचान होते हैं।


इस अवसर पर पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, मंडल अध्यक्ष गण, पार्षद गण, अशोक चौहान चांदू नेता, के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

## उद्धव को एक और झटका! ठाकरे गुट के 6 सांसद थामेंगे शिंदे सेना का दामन

मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति में शिवसेना के भीतर जारी सियासी उठापटक के बीच उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका लगने जा रहा है। ठाकरे गुट के छह सांसद सोमवार को मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने वाले हैं। इस घटनाक्रम को आगामी स्थानीय निकाय चुनावों और राज्य की राजनीति के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बागी सांसदों में शामिल हिंगोली से सांसद ने कहा कि 18 जून के बाद उनके और अन्य सांसदों के खिलाफ जिस तरह की टिप्पणियां की गईं, उससे पार्टी में बने रहने का उनका इरादा बदल गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अपनी बात रखने वाले नेताओं को सम्मान देने के बजाय उन्हें निशाना बनाया गया।

## ब्रिटेन का नाम लेकर फैलाई गई अटकलों पर नेपाल का जवाब, बोले PM ओली- भारत से सीधे करेंगे सीमा विवाद की बात

**भारत-नेपाल सीमा विवाद को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने स्पष्ट किया है कि उनकी सरकार ने इस मामले में ब्रिटेन या किसी अन्य देश से मध्यस्थता की कोई मांग नहीं की है।**



काठमांडू। उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत अपने द्विपक्षीय संबंधों के अनुरूप बातचीत के जरिए सभी विवादों का समाधान निकालने में सक्षम हैं। रविवार को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि सीमा विवाद को लेकर अनावश्यक चिंताएं पैदा की जा रही हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नेपाल अपने पड़ोसी भारत के साथ सीधे संवाद के माध्यम से इस मुद्दे को सुलझाएगा। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की कि उनकी राष्ट्रवादी सोच और देशहित के प्रति प्रतिबद्धता पर संदेह न किया जाए।

## ग्राम चोरल में सरपंच अशोक सैनी के नेतृत्व में 26 जून को विशाल कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी संबोधित करेंगे

महू-इंदौर- जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया ग्राम पंचायत चोरल के सरपंच अशोक सैनी के नेतृत्व में 26 जून को सुबह 10 बजे विशाल कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी संबोधित करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश सेवादल अध्यक्ष अवनीश



भार्गव,अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सचिव सत्यनारायण पटेल, पूर्व मंत्री कुक्षी विधायक सुरेंद्रसिंह बघेल, प्रदेश सेवादल पूर्व अध्यक्ष योगेश यादव,सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल, इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, इंदौर जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष सदाशिव यादव, धरमपुरी पूर्व विधायक पांचीलाल मेड़ा ,और महू विधानसभा से वरिष्ठ कांग्रेस नेता, युवा कांग्रेस नेता, महिला कांग्रेस नेता, छात्र कांग्रेस नेता व अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में महू विधानसभा से हजारों कार्यकर्ता और माता बहने उपस्थित रहेगी।

## ईरान पर सख्त, लेबनान में अडिग!

### नेतन्याहू का बड़ा ऐलान, पश्चिम एशिया में बढ़ा तनाव



यरुशलम। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अमेरिका-ईरान वार्ता के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि दक्षिणी लेबनान में इजराइली सेना तब तक तैनात रहेगी, जब तक देश की सुरक्षा के लिए इसकी आवश्यकता होगी। उनके इस बयान को क्षेत्र में जारी सुरक्षा चुनौतियों और ईरान समर्थित समूहों को लेकर इजराइल की सख्त नीति के रूप में देखा जा रहा है।


नेतन्याहू ने दोहराया कि इजराइल किसी भी परिस्थिति में ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के साथ समन्वय के जरिए इजराइल ने ईरान के परमाणु ढांचे को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। हालांकि इस दावे पर ईरान की ओर से अलग रुख सामने आता रहा है। इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सीमावर्ती क्षेत्रों में सैन्य उपस्थिति का फैसला इसी आधार पर लिया जाएगा। दक्षिणी लेबनान में इजराइली सेना की मौजूदगी को लेकर पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहस होती रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रही कूटनीतिक गतिविधियों के बावजूद इजराइल अपनी सुरक्षा नीति में किसी तरह की नरमी के संकेत नहीं दे रहा है।




# दिग्विजय सिंह का बड़ा हमलाः NEET से राम मंदिर दान और योग दिवस तक भाजपा पर साधे सवाल

इंदौर। मध्य प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर बयानबाजी का तापमान बढ़ गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री Digvijaya Singh ने अपने इंदौर दौरे के दौरान भाजपा सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था, धार्मिक संस्थानों की पारदर्शिता और सरकारी आयोजनों को लेकर केंद्र और राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उनके बयान के बाद प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है।

इंदौर में मीडिया से चर्चा करते हुए दिग्विजय सिंह ने सबसे पहले देशभर में चर्चा का विषय बनी NEET परीक्षा को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि परीक्षा का संपन्न होना एक सकारात्मक बात है, लेकिन जिस तरह पिछले वर्षों में परीक्षा प्रणाली को लेकर लगातार सवाल उठे हैं, उससे यह साफ है कि देश की शिक्षा व्यवस्था में गंभीर सुधार की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने शिक्षा को एक गंभीर



विषय के बजाय राजनीतिक नजरिए से देखना शुरू कर दिया है। दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री Dharmendra Pradhan पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि जब देश की सबसे महत्वपूर्ण मेडिकल प्रवेश परीक्षा पर बार-बार सवाल उठ रहे हों, तो जवाबदेही तय होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि लाखों छात्र और उनके परिवार हर साल इस परीक्षा से जुड़ी उम्मीदें रखते हैं, लेकिन बार-बार विवाद सामने आने से युवाओं का भरोसा कमजोर हो रहा है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा लेने का नाम नहीं है, बल्कि यह युवाओं के भविष्य से जुड़ा सबसे संवेदनशील विषय है। अगर परीक्षा प्रणाली पर ही संदेह हो जाए, तो यह देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सरकार से मांग की कि परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए और किसी भी तरह की गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई हो। इसके बाद दिग्विजय सिंह ने अयोध्या स्थित Ram Mandir की दान राशि से जुड़े मुद्दे पर भी सवाल उठाए।

# कृषि महाविद्यालय इंदौर में छात्रों की समस्याओं को लेकर ABVP ने सौंपा ज्ञापन



**राजेश धाकड़**

इंदौर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) इंदौर द्वारा कृषि महाविद्यालय इंदौर के अधिष्ठाता को छात्रों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में RAWE बैच 2025-26 के लंबित भुगतान एवं किट वितरण, प्लेसमेंट सेल की स्थापना, कैंपस इंटरव्यू, रोजगार मेले, शिक्षकों की कमी दूर करने, लैब एवं प्रायोगिक सुविधाओं में सुधार, हॉस्टल व्यवस्था बेहतर करने, छात्रवृत्ति भुगतान तथा मेडिकल आधार पर परीक्षा अनुमति जैसी मांगें रखी गईं।

इस दौरान महानगर मंत्री देवेश गुर्जर, मालवा प्रांत सह मंत्री कुशल यादव, एग्रीविजन संयोजक निक्की धाकड़, नवलखा जिला संयोजक योग शर्मा, कृषि महाविद्यालय कार्यकारिणी अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह तोमर सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। छात्रों के कई शैक्षणिक मुद्दों पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इंदौर महानगर द्वारा सवाल पूछने पर अधिष्ठाता ने चुप्पी चुप्पी साधी, कई शैक्षणिक मुद्दों पर छात्रों के सवालों का संतोष जनक जवाब नहीं दे पाए अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय इंदौर के अधिष्ठाता डॉ. भरत सिंह ने ABVP द्वारा प्रस्तुत सभी मांगों को स्वीकार करते हुए सात दिवस में समाधान का आश्वासन दिया। महानगर मंत्री देवेश गुर्जर ने कहा कि यदि सात दिवस में मांगों पर कार्रवाई नहीं होती है तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करेगी।

# जरूरतमंद बेटी के विवाह में आनंद विकास शिक्षा समिति बनी सहारा

**दिव्यानंद अर्गल**

भिंड। समाज सेवा और मानवीय मूल्यों को सशक्त बनाने की दिशा में कार्यरत आनंद विकास शिक्षा समिति ने एक बार फिर सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। समिति के सदस्यों ने अटेर क्षेत्र के ग्राम हमीर सिंह का पुरा (पाली) पहुंचकर आर्थिक रूप से जरूरतमंद परिवार की बेटी के विवाह अवसर पर सहयोग प्रदान किया और नवविवाहिता को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। समिति द्वारा नाथूराम प्रजापति की पुत्री कंचन को विवाह उपहार स्वरूप बजाज कंपनी की सिलाई मशीन भेंट की गई। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस सहयोग का उद्देश्य केवल विवाह में सहभागिता निभाना नहीं, बल्कि नवविवाहिता को भविष्य में स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना भी है। सिलाई मशीन के माध्यम से वह आवश्यकता पड़ने पर घर बैठे आय अर्जित कर परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकेगी। इस अवसर पर समिति के सदस्य दिनेश बौद्ध, राकेश सिंह पवैया, शीशपाल बौद्ध एवं राजेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने नवदंपति को शुभाशीष देते हुए उनके सुखमय, समृद्ध और सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।




समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि संस्था शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने के साथ-साथ समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए भी लगातार प्रयासरत है। बेटियों के सम्मान, उनके उज्ज्वल भविष्य और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना संस्था की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर सामाजिक सहयोग एवं सेवा कार्य किए जाते हैं। समिति की इस मानवीय पहल की ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों ने सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सेवा, सहयोग और सामाजिक एकजुटता की भावना को मजबूत करते हैं। साथ ही जरूरतमंद परिवारों को यह विश्वास भी दिलाते हैं कि समाज उनके साथ खड़ा है।

# गौतम अडानी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में खकनार में रक्तदान शिविर, 48 यूनिट रक्त संग्रहित

## अडानी फाउंडेशन और ACC सीमेंट की पहल, डीलर-सब-डीलर व शिल्पकारों ने किया रक्तदान

**महेन्द्र मालवीय रणजीत टाईम्स**

खकनार बुरहानपुर :- अडानी फाउंडेशन एवं अडानी सीमेंट (ACC Cement) के संयुक्त तत्वाधान में खकनार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अडानी फाउंडेशन के संस्थापक एवं उद्योगपति Gautam Adani के 24 जून को आने वाले 64वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित




किया गया। अडानी फाउंडेशन द्वारा देशभर में जरूरतमंद मरीजों की सहायता एवं सामाजिक सेवा के उद्देश्य से रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में खकनार में आयोजित शिविर में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बड़ी संख्या में अडानी सीमेंट के डीलर, सब-डीलर तथा शिल्पकार बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। शिविर के दौरान ब्लड बैंक की टीम की मौजूदगी में कुल 48 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदान के बाद सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा अडानी सीमेंट की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

भूमिका इंटरप्राइजेस की रही महत्वपूर्ण भूमिका- कार्यक्रम को सफल बनाने में जिले के अधिकृत विक्रेता भूमिका इंटरप्राइजेस, डोईफोडिया एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। शिविर के आयोजन, व्यवस्थाओं और रक्तदाताओं के पंजीयन में टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।

ये रहे उपस्थित-इस अवसर पर अडानी सीमेंट के एरिया सेल्स ऑफिसर (ASO) रोहन सपकाले, टेक्निकल सर्विस ऑफिसर (TSO) राहुल नाथ वर्मा तथा कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव (CSE) मोहम्मद सोहेल सहित कंपनी के प्रतिनिधि एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समाज सेवा की दिशा में सराहनीय पहल- रक्तदान शिविर के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने का संदेश दिया गया। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। अडानी फाउंडेशन द्वारा सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे कार्यक्रम लगातार संचालित किए जा रहे हैं, जिससे समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिल रहा है।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 23 जून 2026 से 29 जून 2026 तक



# विधानसभा-4 में भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का भव्य स्वागत



रणजीत टाइम्स-खुशबू श्रीवास्तव

इंदौर। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के इंदौर आगमन पर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-4 में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक रहा। महूनाका चौराहे पर युवा नेता रोहित यादव के नेतृत्व में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और जयघोष के बीच प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विधानसभा-4 के प्रेरणास्रोत स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह गौड़ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने विधानसभा-4 के कार्यकर्ताओं की सक्रियता, संगठन क्षमता और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक ताकत हैं। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा मोर्चा उपाध्यक्ष प्रकाश राठौर, भाजपा नेता लखन देपाले, सतनाम खानुजा, मंडल अध्यक्ष राजेश तोमर, शुभम बढ़, शंकर वर्मा, लखन परमार, गोलू चौधरी, गज्जू यादव, राहुल यादव एवं धर्मेंद्र कुंवाल सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने अनुशासन, समर्पण और एकजुटता का परिचय देते हुए संगठनात्मक शक्ति का प्रभावी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम ने भाजपा संगठन के प्रति कार्यकर्ताओं की निष्ठा और नेतृत्व के प्रति उनके विश्वास को मजबूती से प्रदर्शित किया।

# सड़क पर फैले ऑयल से वाहन चालक परेशान, निगम टीम ने मौके पर पहुंचकर संभाला मोर्चा

राजेश धाकड़





इंदौर। सिटी कंट्रोल से नगर निगम कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि जोन क्रमांक-01, वार्ड क्रमांक-07 अंतर्गत 60 फीट सिग्नल चौराहे के पास किसी अज्ञात वाहन से सड़क पर ऑयल गिर गया है।

सड़क पर ऑयल फैलने के कारण वाहन चालक फिसलकर गिर रहे थे, जिससे दुर्घटना की स्थिति बन गई थी। सूचना मिलते ही जोन-01 के सहायक सीएसआई भारत करोसिया तत्काल कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने ऑयल प्रभावित क्षेत्र में मार्बल पाउडर डलवाकर सड़क को सुरक्षित किया। साथ ही निगम की जीप को मौके पर खड़ा कर वाहन चालकों को सावधानी से साइड से निकलने की समझाइश दी गई। नगर निगम कर्मचारियों की तत्परता से समय रहते स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया और संभावित हादसे को टाल दिया गया।

# फिरौती के लिए अपहरण का मामला: बेतमा पुलिस की तत्परता से 12 घंटे में सकुशल बरामद हुआ युवक

खुशबू श्रीवास्तव



इंदौर । इंदौर ग्रामीण के बेतमा थाना क्षेत्र में फिरौती के लिए अपहरण किए गए एक युवक को पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। मामले में अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, 21 जून की रात करीब 8:30 बजे हुकुमसिंह सोलंकी अपने घर से खेत पर मुंगफली डालने जाने की बात कहकर निकले थे। देर रात उनके परिजनों के मोबाइल पर हुकुमसिंह की एक तस्वीर भेजी गई, जिसमें उनके गले पर चाकू रखा हुआ दिखाई दे रहा था। आरोपियों ने 20 लाख रुपये की फिरौती की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना मिलते ही बेतमा पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए अपहरण और फिरौती का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर सूचना तंत्र सक्रिय किया गया और संभावित स्थानों पर पुलिस टीमों को रवाना किया गया। ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हुकुमसिंह सोलंकी को राऊनगर रोड के पास खेतों में बेहोशी की हालत में खोज निकाला। पुलिस ने उन्हें तत्काल सुरक्षित कब्जे में लेकर चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित की हालत स्थिर है और अपहरण में शामिल अज्ञात बदमाशों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। मामले के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीमें लगातार प्रयासरत हैं। बेतमा थाना प्रभारी निरीक्षक मीना कर्णावत एवं पुलिस टीम की तत्परता से अपहृत व्यक्ति की सुरक्षित बरामदगी संभव हो सकी।

# गोर बंजारा दल में नई नियुक्तियाँ, समाजजनों में हर्ष

राजेश धाकड़





इंदौर। गोर बंजारा दल के संचालक मंडल की सर्वसम्मति से संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गई हैं। संचालक मंडल द्वारा श्री नेमीचंद जी नायक को मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष तथा श्री दीपक गोविंद चौहान को मध्य प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है।

इन नियुक्तियों पर गोर बंजारा दल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। समाजजनों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा समाज हित के कार्यों को नई गति एवं दिशा प्राप्त होगी।गोर बंजारा दल के संचालक मंडल ने आशा व्यक्त की है कि दोनों पदाधिकारी संगठन की विचारधारा एवं उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने के साथ समाज के सर्वांगीण विकास हेतु सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# ओंकारेश्वर से महामंडलेश्वर भोला दास जी का आशीर्वाद प्राप्त किया




महू-इंदौर- जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया ओंकारेश्वर से महामंडलेश्वर भोलादास जी हमारे निवास ग्राम भिचौली में पधारे उनका आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया और पूरे परिवार ने आशीर्वाद प्राप्त किया। आध्यात्मिक गुरु जी से सनातन धर्म का जो ज्ञान प्राप्त हुआ वह अद्भुत है। हमारे लिए सौभाग्य है कि उनके गुरु वचन सुनने का अवसर मिला।

# अमर पद

जरा से झुकता है तन सारा,
मृत्यु का बंधन जग पर भारी।
क्षणभंगुर है यह देह हमारी,
पर आत्मा रहती है अविनाशी।

धन-दौलत सब यहीं रह जाते,
साथ न जाता वैभव सारा।
सत्कर्मों की ज्योति जलाकर,
पार करो जीवन की धारा।

जो सत्य, प्रेम और धर्म अपनाए,
वही अमरता का पथ पाता है।
शरीर भले मिट्टी में मिल जाए,
नाम सदा जग में रह जाता है।।

गोपाल गावंडे -भावात्मक रचना

## स्वर्गीय श्री रामदास गावंडे (पाटील)

पापा, आपका वो साथ आज भी याद आता है,
हर संघर्ष में आपका चेहरा नजर आता है।

कंधों पर जिम्मेदारियों का संसार उठाया,
अपने सपनों को छोड़ हमें आगे बढ़ाया।

हजारों घरों की छतों पर कावेलू सजाए,
दीवारों में अपने श्रम और संस्कार बसाए।

धूप में तपकर, बारिश में भीगकर काम किया,
अपने बच्चों के हर सपने को नाम दिया।

रोटी कमाकर हमें सम्मान से जीना सिखाया,
मेहनत और ईमानदारी का रास्ता दिखाया।

आज जो गोपाल और कैलाश इस मुकाम पर हैं,
वो आपके त्याग और आशीर्वाद का परिणाम हैं।

आप नहीं हैं, पर आपका आशीष साथ है,
हमारी हर सफलता में आपका ही हाथ है।

श्रद्धेय पिता श्री रामदास गावंडे (पाटील) को शत्-शत् नमन "जिनके श्रम की नींव पर खड़ा है हमारा वर्तमान, उनकी स्मृति रहेगी सदा हमारे सम्मान।"



# बिना प्रयास ध्यान: सहज योग की विशेषता

वर्तमान समय में मेडिटेशन (ध्यान) के प्रति लोगों का रुझान तेजी से बढ़ रहा है, और यह अब केवल आध्यात्मिक अभ्यास न रहकर एक वैश्विक स्वास्थ्य प्रवृत्ति बन गया है। भागदौड़ भरी जिंदगी, बढ़ते मानसिक तनाव और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के कारण लोग अब मानसिक शांति की तलाश में ध्यान की ओर रुख कर रहे हैं। परंतु ध्यान की सही विधि और इसके साइंस को समझे बिना ध्यान मात्र एक क्रिया बनकर रह जायेगी। मेडिटेशन (ध्यान) की सही विधि में मुख्य बाधाएं अति-विचार (Overthinking), शारीरिक बेचैनी, नींद/आलस्य, ध्यान न लगना और परिणाम के लिए जल्दबाजी हैं। इन्हें दूर करने के लिए प्रतिदिन एक ही समय पर नियमानुसार अभ्यास करना होगा, आरामदायक आसन पर बैठकर पहले सांसों पर ध्यान केंद्रित कर और विचारों को जबरदस्ती रोकने के बजाय साक्षी भाव से देखने का अभ्यास करना होगा।

सहज योग एक ऐसी अद्वितीय ध्यान पद्धति है जो 1970 में श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा विकसित की गई थी, जिसके माध्यम से कुण्डलिनी ऊर्जा को सहजता से और लगभग



बिना किसी प्रयास के जाग्रत किया जा सकता है जो ध्यान की गहनता के लिए सबसे ज्यादा आवश्यक है। सहज योग ध्यान पद्धति आत्म-साक्षात्कार (Self-Realization) के द्वारा आत्म-ज्ञान और आंतरिक शांति प्राप्त करने की एक स्वैच्छिक और निःशुल्क विधि है। सहज योग पद्धति में आसन, प्राणायाम या कठिन मानसिक अनुशासन के बिना सीधे कुंडलिनी शक्ति जाग्रत होती है। सहज योग में ध्यान, मन को सप्रयास नियंत्रित नहीं करता है बल्कि यह स्वतः ही "विचार-रहित जागरूकता" की स्थिति लाता है, जहाँ मन शांत और स्पष्ट हो जाता है। इसमें सचेत प्रयास की आवश्यकता नहीं होती; केवल दृढ़ इच्छा और समर्पण से ध्यान लगता है। यह तकनीक पूरी तरह से निःशुल्क है और इसे कोई भी, कभी भी और कहीं भी इसका अभ्यास कर सकता है। यह न केवल आध्यात्मिक विकास करता है, बल्कि मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक संतुलन भी लाता है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। सहज योग के माध्यम से व्यक्ति अपने स्वयं का गुरु बन जाता है आत्म-संतोष, आनंद और आंतरिक शांति की अनुभूति पाने की विधि वह स्वंय सीख लेता है।अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग सदैव निःशुल्क है।

## पिता




**पिता केवल एक रिश्ता नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा होते हैं। वे स्वयं कठिनाइयों में रहकर भी अपने बच्चों के सपनों को पंख देते हैं। उनका त्याग, संघर्ष और संस्कार ही परिवार की असली पूंजी है।"पिता की दौलत धन नहीं, उनके दिए हुए संस्कार होते हैं। पिता की विरासत जमीन नहीं, बच्चों की सफलता होती है।"**

**Father's Day के अवसर पर उन सभी पिताओं को नमन, जिन्होंने अपने परिवार के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। पिता का सम्मान करें, उनका आशीर्वाद ही जीवन की सबसे बड़ी ताकत है।**

Happy Father's Day

**रणजीत टाइम्स परिवार**
**"सच के साथ, समाज के साथ"**

# थाना करैरा पुलिस द्वारा द्वारा 11 पेटी देशी प्लेन शराब कीमती 55 हजार सहित मारूति स्विफ्ट डिजायर कार को किया जप्त



हेमंत भार्गव

पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भुटिया के द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराब की धरपकड, के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे अति० पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन एवं एस.डी.ओ.पी. प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना करैरा पुलिस को आज दिनांक 21.06.2026 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अपनी मारूति स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक UP 15 DD 4002 मे अवैध शराब रखकर झांसी से शिवपुरी तरफ जा रहा है मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु टीला रोड तिराहे पर मय फोर्स के चैकिंग लगाई तो झाँसी तरफ से मारूति स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक UP 15 DD 4002 आती दिखी जिसके चालक ने पुलिस को देख कार को रॉंग साईड से तेजी से चला कर शिवपुरी तरफ ले कर भागा जिसका पीछा किया तो आईटीवी की वाऊन्ड्री के पीछे कलोथरा पथरीले क्षेत्र मे ले गया कार पत्थर से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई एवं आगे रास्ता बंद होने से चालक कार को मौके पर छोड कर चाबी लेकर भाग गया। कार की डिग्गी को खोल कर चैक किया तो कार में 11 पेटी देशी प्लेन मदिरा की प्रत्येक पेटी में 50-50 क्वाटर कुल 550 क्वाटर देशी प्लेन शराब कुल मात्रा 99 बल्क लीटर कीमती 55 हजार रू रखी पाई गई आरोपी का कृत्य धारा 34 (2) आवकारी एक्ट का दण्डनीय पाया जाने से, आरोपी के विरुध्द अपराध क्रमांक 415/26 धारा 34 (2) आबकरी एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। मारूति स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक UP 15 DD 4002 के रजिस्ट्रेशन को चैक किया गया तो हृदेश राजपूत निवासी रक्सा झांसी के नाम से आ रही है। आरोपी की तलाश की जा रही है बरामद माल 11 पेटी देशी प्लेन शराब कीमती 55 हजार रूपये स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक UP 15 DD 4002 कीमती 06 लाख रूपये। सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी करैरा निरी० श्री विनोद छावई, उनि राजकुमार चाहर, प्रआर 689 वीरेन्द्र सिंह, आर. 338 हरेन्द्र गुर्जर, आर. 1165 मत्सयेन्द्र गुर्जर, आर 847 शिवम यादव ।

# आबकारी इन्दौर की कार्यवाही



कलेक्टर महोदय जिला-इन्दौर, श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा *कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व एवं ADEO राघवेंद्र सिंह कुशवाह एवं जहांगीर खान तथा वृत्त- पलासिया एवं वृत्त- बालदा कॉलोनी उप-निरीक्षक प्रियंका रानी चौरसिया एवं टीम के द्वारा दिनांक-20/06/2026 को दौराने गश्त विश्वसनीय मुखबिर के सूचना के आधार पर केसरबाग ब्रिज के नीचे देवेंद्र नगर में *दो पहिया वाहन क्रमांक-MP09-ZF-8837 काली रंग की पल्सर मोटरसाइकिल गाड़ी को रुकवाने पर आरोपी गाड़ी को दौड़ाने की कोशिश करते हुए मोटरसाइकिल गिरने पर उसको छोड़कर भाग गया, तलाशी लेने पर तीन बोरियों में 374 पाव देशी प्लेन मदिरा (कुल 67.32 बल्क लीटर)*और एक थैली में 12 पाव मसाला मदिरा बरामद किया गया जो 2.16बल्क लिटर कुल मदिरा 69.48 बल्क लिटर जो अवैध रूप से परिवहन कर ले जाई जा रही थी ,को विधिवत् जप्त कर कब्जे आबकारी लिया जाकर आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34(1)A , 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। बाल आरोपी को गिरफ्तार कर आज दिनाक 21.6.2026 को बाल न्यायलय प्रस्तुत कर बाल सुधार गृह भेजा गया। उक्त प्रकरण में कारण, अंकित, लोकू आदि के नाम अभियुक्त द्वारा बताये गये, उक्त प्रकरण में विवेचन जारी है । आरोपी जब्त मदिरा और वाहन का कुल बाजार मूल्य =119708/- रुपये* है। आज की कार्यवाही में आरक्षक संगीता यादव, बबलू सिसोदिया, तरुण सिंह जाट, परमजीत कौर, अजय चंद्रवाल तथा वाहन चालक निखिल का सराहनीय योगदान रहा ।

# सहजयोग स्वयं को पाने का मार्ग

हम अपने जीवन में प्रमुख रूप से तीन तरह के मनुष्यों को देखते हैं। पहले वे जो हमेशा दूसरों की शिकायत ही करते रहते हैं वे अहंकार से ग्रसित होते हैं और दूसरों को दबाने का प्रयास करते हैं। दूसरे प्रकार के लोग मानो हमेशा दुखी रहने के लिए ही जीवित रहते हैं, कोई भी चीज उन्हें खुश नहीं कर सकती है। तीसरे वे लोग होते हैं जो अनुकूल या प्रतिकूल हर स्थिति में प्रसन्न रहते हैं, जो कुछ भी उन्हें उपलब्ध होता है, उसी में संतुष्ट रहते हैं। इस संसार को इन तीनों परिस्थितियों ने ही ढक रखा है और लोग उन्हीं परिस्थितियों के चश्मे से संसार और संसार के रचयिता को देखा भी करते हैं। तीसरी तरह के जो लोग हैं वे सहज योगियों जैसे हैं, हर हाल में खुश।

वास्तव में यह संसार निराकार परमात्मा का ही साकार रूप है। यह दुनिया अदृश्य सत्ता की काया और अबोल का बोल है। जैसे नदी को पार करने के लिए जल में उतरना पड़ता है। वैसे ही सांसारिक परिस्थितियों की सरिता को पार करने के लिए उसमें उतरना पड़ता है और पार उतरने की युक्ति जानने के लिए गुरु के पास जाना पड़ता है। गुरु से ही परिस्थितियों की ओट में छिपी वास्तविकता का बोध होता है। साकार समस्याओं के मूल में अवस्थित अरूप परमात्मा का साक्षात्कार होता है। जो मनुष्य गुरु कृपा से प्राप्त युक्ति का इस्तेमाल करता है, वह इस किनारे से उस किनारे तक की यात्रा को सुरक्षित रूप से पार करने में सफल होता है। भवसागर को पार करने का आनंद तैराक योगी को ही मिलता है। नाव में बैठे सामान्य मनुष्य भी श्रद्धा और भक्ति मार्ग का सहारा ले सांसारिक समस्याओं के भोगते होते हुए भी उसे पार करने में सफल हो जाते हैं। पर, जीवन का आनंद कहीं गुम हो जाता है। यदि ऐसा हुआ तो जीवन का उद्देश्य ही अधूरा रह जायेगा। हमारे जीने का अर्थ ही नहीं रह जायेगा। सहज योग माध्यम से आत्मसाक्षात्कार प्राप्त कर हम जीने का अर्थ पाते हैं। भक्ति और उपासना से ज्यादा महत्वपूर्ण है अपने को पाना। जीवन तभी सफल है ना जब हम अपने परमपिता परमेश्वर से जुडते हैं। 29 अक्टूबर 2000 के अपने एक प्रवचन में श्री माताजी ने हमें समझाने का प्रयास किया है, "श्रद्धा का अर्थ केवल प्रार्थना करना नहीं है, यह मात्र विश्वास करना ही नहीं है, अपितु श्रद्धा वह है, जिसके कारण आप अपनी भक्ति व समर्पण से मिली उपलब्धियों का आनंद अपने हृदय में लेते हैं। इसे ही श्रद्धा कहना चाहिए।" इस अनुठी ध्यान पद्धति से जुडने हेतु व आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी



सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

# सरकारी ताजिया निर्माताओं का किया गया सम्मान

## संस्था सर्व धर्म संघ द्वारा सेहरा पेश कर दी गई भाईचारे की मिसाल

**इंदौर। मोहर्रम के अवसर पर संस्था सर्वधर्म संघ द्वारा हर वर्ष अनुसार इस वर्ष भी इंदौर इमामबाड़ा पहुंचकर सरकारी ताजिया के निर्माताओं का संस्था अध्यक्ष मंजूर बैग एवं एसीपी सराफा विजय तिवारी जी के हाथों सम्मान किया गया।**

संस्था के पदाधिकारियों एवं साधु संतों की उपस्थिति में सरकारी ताजिया के निर्माण में वर्षों से योगदान दे रहे सलमान खान, सरफराज खान एवं उनके परिवार का स्वागत कर उन्हें सम्मान-चिन्ह भेंट किया। बताया गया कि होलकर वंश के समय से इंदौर के सरकारी ताजिया के निर्माण की परंपरा उनके परिवार द्वारा निभाई जा रही है।



इस वर्ष भी परिवार के बच्चों ने इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सरकारी ताजिया का निर्माण किया, जिसके लिए उनका विशेष सम्मान किया गया।

इस अवसर पर संस्था सर्व धर्म के अध्यक्ष मंजूर बैग, एसीपी सराफा विजय तिवारी जी, राष्ट्रीय सूफी संत अरूणानंद महाराज, राजनाथ बाबा, इदरीस बाबा, माहिर शाह वारसी,अनवर शाह वारसी द्वारा सरकारी ताजिए पर सेहरा पेश कर तबर्रुक वितरण कर आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया तथा इंदौरवासियों की सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए दुआ की गई। कार्यक्रम में सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंजूर बैग, उपाध्यक्ष रियाज खान, मुकेश बजाज, सोहेल पठान, इदरीस बाबा, माहिर शाह बाबा, मोहम्मद इलियास, जाकिर ख़ान, अमान वारसी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ शुजालपुर ब्लॉक का पुनर्गठन, नई कार्यकारिणी का गठन







**रणजीत टाइम्स**

**शुजालपुर।** श्रमजीवी पत्रकार संघ शुजालपुर ब्लॉक की महत्वपूर्ण बैठक 22 जून 2026 को जिला अध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की गई।

बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, पत्रकार हितों की रक्षा तथा निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके पश्चात सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर श्री भोजराज परमार एवं श्री सुरेश सैनी, महासचिव पद पर श्री ओम मेवाड़ा, सचिव पद पर श्री जाकिर मंसूरी, संयुक्त सचिव पद पर श्री सोनू मीणा एवं श्री सोमेश खन्ना, कोषाध्यक्ष पद पर श्री संतोष झालानी तथा मीडिया प्रभारी पद पर श्री निर्मल गोस्वामी को दायित्व सौंपा गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभिषेक पिंटू सक्सेना एवं अन्य पदाधिकारियों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें संगठन हित में सक्रियता से कार्य करने की शुभकामनाएं दीं। बैठक में उपस्थित पत्रकार साथियों ने संगठन को मजबूती प्रदान करने, पत्रकारों की समस्याओं के समाधान एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# पुरानी रंजिश में स्कूटी को लगाई आग, आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

**खुशबू श्रीवास्तव**

**इंदौर। थाना अन्नपूर्णा पुलिस ने घर के बाहर खड़ी स्कूटी में आग लगाने की घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है।**

आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार अन्नपूर्णा मंदिर क्षेत्र निवासी नीमा डांडिया ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 18 जून की रात उनके घर के बाहर खड़ी स्कूटी (एमपी 09 डीबी 0576) में अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी, जिससे वाहन को नुकसान पहुंचा। शिकायत पर थाना अन्नपूर्णा में अपराध क्रमांक 280/2026 धारा 326(एफ) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर डीसीपी जोन-4 सुनील मेहता, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दिशेष अग्रवाल एवं एसीपी अन्नपूर्णा शिवेंदु जोशी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हित गोपाल यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे चंदन नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी आदित्य कोसे (19 वर्ष), निवासी रामा कॉलोनी, सिरपुर, थाना चंदन नगर ने पुरानी रंजिश के चलते स्कूटी में पेट्रोल डालकर आग लगाने की बात स्वीकार की। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी हित गोपाल यादव, उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, प्रधान आरक्षक राजेश गेहरवाल, आरक्षक विश्वद्र जाट, आरक्षक राकेश तथा साइबर सेल के गौरव परमार और अरविंद पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शादी समारोह में शामिल होने आए युवक की निर्मम हत्या, गांव के बाहर खून से लथपथ मिला शव

**अतुल जैन**

## पत्थर से सिर कुचलने की आशंका, घटनास्थल से खून से सना पत्थर और शराब की बोतल बरामद; साथ आए दो दोस्त हिरासत में





खनियाधाना। खनियाधाना थाना क्षेत्र के ग्राम खजरा में एक युवक की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शादी समारोह में शामिल होने आए युवक का शव सोमवार दोपहर गांव के बाहर खून से लथपथ हालत में मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। युवक के सिर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। घटनास्थल से पुलिस ने खून से सना पत्थर और एक खाली शराब की बोतल बरामद की है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक की पत्थर से वार कर हत्या की गई है। मृतक की पहचान शिवपुरी शहर के गौशाला क्षेत्र निवासी सुशील उर्फ शिम्पल उपाध्याय के रूप में हुई है। वह शिवपुरी-गुना बायपास स्थित सूर्या होटल में कार्यरत था। घटना की सूचना मिलते ही खनियाधाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्वालियर से एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है।

शादी में शामिल होने पहुंचे थे तीनों दोस्त- पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुशील उपाध्याय अपने दो साथियों शेषराम गुर्जर और कल्लू आदिवासी के साथ रविवार को खजरा गांव पहुंचा था। तीनों युवक शिवपुरी स्थित सूर्या होटल में कार्यरत बताए जा रहे हैं। कल्लू आदिवासी की बेटी खजरा गांव में अपनी ननिहाल में रहती है और गांव में एक शादी समारोह आयोजित था। इसी समारोह में शामिल होने के लिए तीनों युवक शिवपुरी से खजरा आए थे। गांव में दिनभर शादी समारोह की रौनक रही, लेकिन देर रात एक ऐसी घटना घटित हो गई जिसने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रात में तीनों युवक गांव के बाहर गए थे, जहां उन्होंने शराब पार्टी की थी।

सोमवार दोपहर मिला शव, फैली सनसनी- सोमवार दोपहर ग्रामीणों ने गांव के बाहर एक युवक का शव पड़ा देखा। शव के पास खून के निशान दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की तो मृतक की पहचान सुशील उर्फ शिम्पल उपाध्याय के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शव के आसपास संघर्ष के संकेत भी दिखाई दिए। मृतक के सिर पर गहरी चोटें थीं, जिससे प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजन और परिचित भी गांव पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

खून से सना पत्थर बना जांच का अहम सुराग- पुलिस को घटनास्थल से खून से सना एक बड़ा पत्थर मिला है। इसके अलावा एक खाली शराब की बोतल भी बरामद हुई है। जांच अधिकारियों का मानना है कि हत्या से पहले शराब पार्टी हुई होगी और उसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ हो सकता है। हालांकि पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है और हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। जांच टीम घटनास्थल से मिले साक्ष्यों को सुरक्षित कर वैज्ञानिक परीक्षण के लिए भेज रही है। एफएसएल टीम घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाएगी, जिससे हत्या की गुत्थी सुलझाने में मदद मिल सके।

दो साथी पुलिस हिरासत में, पूछताछ जारी- मृतक के साथ शादी समारोह में आए दोनों युवकों शेषराम गुर्जर और कल्लू आदिवासी को पुलिस ने संदेह के आधार पर हिरासत में लिया है। दोनों से घटना की परिस्थितियों और रविवार रात की गतिविधियों को लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि घटना के समय तीनों के बीच क्या हुआ था, आखिरी बार सुशील को किसने देखा था और वह किन परिस्थितियों में गांव के बाहर पहुंचा। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि वारदात में किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका तो नहीं है।

परिजनों में शोक, क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी घटना-युवा होटल कर्मचारी की हत्या की खबर फैलते ही शिवपुरी और खनियाधाना क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। परिजनों का कहना है कि सुशील शादी समारोह में शामिल होने गया था और किसी अनहोनी की उन्हें कल्पना भी नहीं थी। अचानक मिली मौत की खबर ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। गांव में भी घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि शादी समारोह की खुशियां एक ही रात में मातम में बदल गईं।

एफएसएल जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी नजर- पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए गए हैं। ग्वालियर से एफएसएल टीम को बुलाया गया है और शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा वैज्ञानिक जांच रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों और हत्या की परिस्थितियों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# मध्यप्रदेश में हज़ारों बच्चों को ढंग से भोजन नहीं मिल पा रहा और सरकार योग में व्यस्त...?

राजेश धाकड़

**मध्यप्रदेश बड़ा ही अद्भुत प्रदेश है। यहां समस्याएं भी सरकारी प्रेस नोट देखकर आती हैं और समाधान भी कैमरे की फ्लैश देखकर पैदा होते हैं। प्रदेश में अगर कोई बच्चा कुपोषण का शिकार हो जाए तो यह चिंता का विषय कम और आंकड़ों का विषय ज्यादा बन जाता है। लेकिन यदि योग दिवस का आयोजन हो तो पूरा सरकारी अमला ऐसे सक्रिय हो जाता है जैसे प्रदेश की सारी समस्याओं का समाधान आज ही होने वाला हो।**




21 जून को सुबह-सुबह मंत्री, विधायक, सांसद, कलेक्टर, कमिश्नर, एसपी और विभागों के कर्मचारी योगा मैट लेकर मैदान में पहुंच जाते हैं। कैमरे लगते हैं, ड्रोन उड़ते हैं, सोशल मीडिया टीम सक्रिय होती है और फिर शुरू होता है स्वस्थ मध्यप्रदेश का महाअभियान। दूसरी तरफ उसी प्रदेश के किसी गांव में कोई बच्चा आंगनवाड़ी में मिलने वाले भोजन का इंतजार कर रहा होता है। कोई मां अपने कुपोषित बच्चे को गोद में लेकर अस्पताल की लाइन में खड़ी होती है और कोई परिवार दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहा होता है। मध्यप्रदेश का इतिहास बड़ा विचित्र रहा है। कभी यह बीमारू राज्यों की सूची में गिना जाता था। फिर विकास की ऐसी गंगा बही कि सरकारी विज्ञापनों में प्रदेश स्वर्ग बन गया। लेकिन जब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की रिपोर्टें सामने आती हैं तो पता चलता है कि कुपोषण, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, महिला अपराध और शिक्षा जैसी अनेक चुनौतियां आज भी प्रदेश के सामने मुंह बाए खड़ी हैं।

सरकार कहती है कि योग स्वास्थ्य का आधार है। बात बिल्कुल सही है। योग शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या भूखे पेट योग संभव है? जिस बच्चे के शरीर में पोषण की कमी हो, जिसकी हड्डियां कमजोर हों, जिसकी आंखों में चमक के स्थान पर कुपोषण की पीड़ा हो, वह सूर्य नमस्कार करेगा या भोजन की तलाश करेगा? लगता है प्रदेश में अब एक नया सिद्धांत लागू हो गया है"पहले योग, बाद में भोजन।" यदि यही चलता रहा तो आने वाले समय में आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों को खिचड़ी और दाल की जगह योगासन सिखाए जाएंगे। राशन की दुकानों पर गेहूं और चावल की जगह प्राणायाम की पुस्तकें बांटी जाएंगी। और यदि किसी गरीब ने भोजन की मांग कर दी तो उसे सलाह दी जाएगी कि अनुलोम-विलोम करने से भूख पर नियंत्रण पाया जा सकता है। लेकिन प्रदेश की वास्तविकताएं इससे भी अधिक कठोर हैं।

प्रदेश में अनेक क्षेत्रों में आज भी स्वच्छ पेयजल की समस्या बनी हुई है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। शिक्षा व्यवस्था में भी अनेक चुनौतियां हैं। सरकारी स्कूलों में सुविधाओं की कमी, शिक्षकों के रिक्त पद और संसाधनों का अभाव लगातार चर्चा का विषय बने रहते हैं। लेकिन इन सबके बीच सबसे ज्यादा जरूरी यह साबित करना हो गया है कि योग दिवस का आयोजन ऐतिहासिक रहा। सरकारी मशीनरी का एक बड़ा हिस्सा कई दिनों तक आयोजन की तैयारियों में लगा रहता है। मैदान सजते हैं, मंच बनते हैं, बैनर लगते हैं और फिर हजारों लोगों की उपस्थिति का दावा किया जाता है। अगले दिन अखबारों में तस्वीरें छपती हैं और अधिकारियों को बधाई मिलती है। मगर किसी अखबार के कोने में छपी वह खबर शायद ही किसी का ध्यान खींच पाती है जिसमें किसी कुपोषित बच्चे की मौत, किसी महिला के साथ अपराध या किसी ग्रामीण क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के अभाव की बात होती है। मध्यप्रदेश में महिला अपराधों के आंकड़े भी लंबे समय से चिंता का विषय बने हुए हैं। हर वर्ष हजारों मामले दर्ज होते हैं। कई बार सरकार और प्रशासन कठोर कार्रवाई का दावा करते हैं, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि समस्या अभी भी गंभीर है। यही स्थिति बच्चों की सुरक्षा और लापता बच्चों के मामलों में भी दिखाई देती है। मगर इन मुद्दों पर उतनी ऊर्जा दिखाई नहीं देती जितनी किसी सरकारी आयोजन की सफलता साबित करने में लगाई जाती है। प्रदेश की राजनीति भी कम दिलचस्प नहीं है। सत्ता पक्ष उपलब्धियों के गीत गाता है और विपक्ष विफलताओं की सूची पढ़ता है। जनता दोनों को सुनती है और फिर अपने जीवन की वास्तविकताओं में लौट जाती है। उसे न तो बड़े-बड़े दावों से पेट भरता है और न ही राजनीतिक भाषणों से जीवन आसान होता है। उसे चाहिए रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा। लेकिन इन विषयों पर काम करने की तुलना में कार्यक्रम आयोजित करना शायद अधिक आसान है।

आज यदि किसी गांव में जाकर पूछा जाए कि सबसे बड़ी जरूरत क्या है, तो शायद जवाब होगा रोजगार, सिंचाई, अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन। कोई यह नहीं कहेगा कि हमें एक और योग समारोह चाहिए। क्योंकि जनता जानती है कि योग स्वास्थ्य का साधन हो सकता है, लेकिन भूख का समाधान नहीं। योग का महत्व अपनी जगह है। भारतीय संस्कृति ने पूरी दुनिया को योग का उपहार दिया है और इस पर गर्व होना चाहिए। लेकिन किसी भी सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना होनी चाहिए कि प्रदेश का कोई बच्चा भूखा न सोए, कोई महिला असुरक्षित महसूस न करे, कोई किसान निराश होकर आत्महत्या न करे और कोई युवा बेरोजगारी से टूट न जाए। जब तक ये मूलभूत प्रश्न अनुत्तरित रहेंगे, तब तक केवल आयोजनों और उत्सवों से विकास की तस्वीर पूरी नहीं होगी। आखिर में एक काल्पनिक दृश्य की कल्पना कीजिए।

एक कुपोषित बच्चा सरकार से पूछता है

"साहब, मुझे भोजन कब मिलेगा?"

साहब मुस्कुराते हुए कहते हैं

"बेटा, पहले योग करो।"

बच्चा फिर पूछता है

"लेकिन भूख लगी है।"

साहब जवाब देते हैं

"प्रदेश स्वस्थ बन रहा है, तुम भी स्वस्थ रहो।"

बच्चा चुप हो जाता है। क्योंकि उसे समझ आ जाता है कि इस प्रदेश में कभी-कभी रोटी से ज्यादा महत्वपूर्ण उसकी तस्वीर होती है, और उसकी समस्या से ज्यादा महत्वपूर्ण उसका इस्तेमाल किसी कार्यक्रम की भीड़ बढ़ाने में। योग कीजिए, अवश्य कीजिए, लेकिन उससे पहले यह भी सुनिश्चित कीजिए कि प्रदेश का कोई बच्चा भूख, कुपोषण और उपेक्षा का शिकार न हो। क्योंकि स्वस्थ समाज की शुरुआत योगासन से नहीं, बल्कि हर बच्चे की थाली में सम्मानजनक भोजन से होती है।

---

# आस्था पर 'जलकुंभी' का ग्रहण: क्या प्रशासन की गहरी नींद मोहर्रम की रस्मों में डालेगी खलल

ऋषि गोस्वामी



शिवपुरी: जहाँ एक ओर आस्था का पर्व मोहर्रम नजदीक है और समुदाय विशेष में ताजिये ठंडे करने की तैयारियों को लेकर उत्साह है, वहीं शिवपुरी के करबला का दृश्य हृदय विदारक है। पूरा करबला परिसर इस समय जलकुंभी की मोटी और घनी चादर से ढका हुआ है, जो स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली और अनदेखी पर बड़े सवाल खड़े कर रहा है।

क्या कागजों में सिमट गई है सफाई व्यवस्था?- आगामी 26 जून को मोहर्रम के ताजियों का विसर्जन (ठंडा करने की रस्म) होना है। प्रशासन और नगरपालिका द्वारा त्योहारों से पूर्व साफ-सफाई के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जलकुंभी का यह अंबार न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि यह पवित्र स्थल की मर्यादा और धार्मिक अनुष्ठान के लिए एक बड़ी बाधा बन गया है।

प्रशासन की चुप्पी, बढ़ता आक्रोश- स्थानीय नागरिकों और सजग प्रबुद्धजनों का सवाल है कि क्या प्रशासन को इस स्थिति की भनक नहीं है?

नगरपालिका की सुस्ती: क्या नगरपालिका का सफाई अमला केवल मुख्य मार्गों तक ही सीमित है?

संवेदनशीलता का अभाव: धार्मिक स्थलों की गरिमा बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता क्यों नहीं है? समय रहते नहीं जागी व्यवस्था, तो बिगड़ सकते हैं हालात- यदि 26 तारीख से पहले युद्ध स्तर पर सफाई अभियान नहीं चलाया गया, तो विसर्जन के दौरान न केवल भारी व्यवधान उत्पन्न होगा, बल्कि यह लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला होगा। यह स्थिति प्रशासन की प्रशासनिक क्षमता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। "आस्था और व्यवस्था के बीच इस जलकुंभी की दीवार प्रशासन की जिम्मेदारी के प्रति उदासीनता का जीता-जागता सबूत है। क्या प्रशासन तब जागेगा जब कोई अप्रिय घटना घट जाएगी?"

प्रशासन से विनम्र और पुरजोर आग्रह- हम जिला प्रशासन और नगरपालिका शिवपुरी से मांग करते हैं कि कुंभकर्णी नींद को त्यागें और तत्काल प्रभाव से मशीनों/मैनपॉवर लगाकर करबला परिसर से जलकुंभी को हटाकर विसर्जन के योग्य बनाएं। आस्था का यह पर्व शांतिपूर्ण और गरिमा के साथ संपन्न हो, यह सुनिश्चित करना शासन-प्रशासन का प्राथमिक कर्तव्य है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयुक्त ने किया जल संरक्षण कार्यों का निरीक्षण

आदित्य शर्मा

इंदौर। मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर निगम इंदौर द्वारा जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन के लिए विभिन्न कार्य पर किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत झोन क्रमांक 13 के वार्ड क्रमांक 75 स्थित नायता मुंडला तालाब में चल रहे गहरीकरण एवं पाल सुदृढ़ीकरण कार्यों का निरीक्षण कर उन्हें समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तालाबों की जल संग्रहण क्षमता बढ़ाना जल संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके बाद आयुक्त ने झोन क्रमांक 4 के वार्ड क्रमांक 13 स्थित अनाज मंडी वेयरहाउस परिसर में प्रस्तावित रेनवाटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज शाफ्ट एवं स्टोरेज टैंक निर्माण कार्यों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़े परिसरों में वर्षा जल संचयन से भूजल स्तर बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहायता



मिलेगी। साथ ही जल संरक्षण के प्रति जनभागीदारी और जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री आशीष पाठक, कार्यपालन यंत्री श्री अश्विन जनवदे, सहायक यंत्री श्री आकाश जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# फार्म हाउसः आने वाले 10, 15 और 20 वर्षों का सुनहरा निवेश

**आज की तेज़ रफ्तार जिंदगी में हर व्यक्ति एक ऐसी जगह चाहता है जहाँ उसे शांति, स्वच्छ वातावरण और प्रकृति का साथ मिल सके। यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षों में फार्म हाउस केवल एक निवेश नहीं, बल्कि एक लाइफस्टाइल और भविष्य की सुरक्षा का माध्यम बनकर उभरा है।**

## फार्म हाउस क्यों है भविष्य का निवेश?

भारत में लगातार बढ़ती जनसंख्या, सीमित भूमि और तेजी से फैलते शहरों के कारण जमीन का महत्व दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। आज जो क्षेत्र शहर से दूर दिखाई देते हैं, आने वाले वर्षों में वही क्षेत्र विकास के प्रमुख केंद्र बन सकते हैं।

10 वर्षों का विजन-अगले 10 वर्षों में शहरों का विस्तार और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास तेजी से बढ़ेगा। नई सड़कें, हाईवे, औद्योगिक क्षेत्र और पर्यटन गतिविधियाँ आसपास की जमीनों की मांग बढ़ाएंगी। जो व्यक्ति आज फार्म हाउस में निवेश करता है, वह भविष्य में बढ़ती कीमतों और बेहतर लोकेशन का लाभ प्राप्त कर सकता है।

15 वर्षों का विजन-15 वर्षों बाद फार्म हाउस केवल एक प्लॉट नहीं रहेगा, बल्कि परिवार के लिए एक Second Home बन जाएगा।



वीकेंड डेस्टिनेशन
परिवार के साथ छुट्टियाँ
ऑर्गेनिक खेती

होमस्टे एवं रिसॉर्ट जैसी आय के अवसर इस समय तक फार्म हाउस एक संपत्ति के साथ-साथ जीवनशैली का हिस्सा बन सकता है।

20 वर्षों का विजन-20 वर्षों बाद फार्म हाउस एक ऐसी विरासत बन सकता है जिसे आप अपनी अगली पीढ़ी को सौंप सकते हैं। जब शहरों में भीड़, प्रदूषण और जगह की कमी बढ़ेगी, तब प्रकृति के बीच स्थित एक विकसित फार्म हाउस की उपयोगिता और महत्व और अधिक बढ़ सकता है। यह केवल जमीन नहीं होगी, बल्किः परिवार की पहचान,बच्चों के लिए सुरक्षित संपत्ति,रिटायरमेंट का शांत आशियाना,आने वाली पीढ़ियों के लिए स्थायी विरासत

### आर्थिक लाभ

## फार्म हाउस कई प्रकार के लाभ प्रदान कर सकता है:

जमीन के मूल्य में संभावित वृद्धि
किराये या पर्यटन आधारित आय के अवसर
ऑर्गेनिक खेती और बागवानी
भविष्य की पूंजी सुरक्षा
मुद्रास्फीति के प्रभाव से आंशिक बचाव
मानसिक और सामाजिक लाभ

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में फार्म हाउस केवल निवेश नहीं, बल्कि मानसिक शांति का भी माध्यम है।

स्वच्छ हवा
प्राकृतिक वातावरण
तनावमुक्त जीवन
परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय

निष्कर्ष-फार्म हाउस खरीदना केवल जमीन खरीदना नहीं है, बल्कि अपने परिवार के भविष्य, जीवनशैली और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत नींव तैयार करना है। आज का एक सही निर्णय आने वाले 20 वर्षों में आपकी सबसे बड़ी संपत्ति और विरासत बन सकता है।

**संदेश**

"फार्म हाउस सिर्फ निवेश नहीं, प्रकृति से जुड़ने का अवसर, भविष्य की सुरक्षा और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अनमोल विरासत है।"
विजय कुमार
फार्म हाउस वाला ग्रुप
"अपना फार्म हाउस भी, अतिरिक्त आय भी"

# एमवाय अस्पताल में 5 महीने से बंद डिजिटल एक्स-रे मशीन, मरीज परेशान

**इंदौर के सरकारी (एमवाय अस्पताल) की नई ओपीडी बिल्डिंग में लगी डिजिटल एक्स-रे मशीन पिछले पांच महीनों से बंद पड़ी है, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।**

रोजाना बड़ी संख्या में आने वाले मरीजों को जांच के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार डिजिटल एक्स-रे मशीन बंद होने के कारण मरीजों को निजी केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा है या फिर



अस्पताल के अन्य विभागों में लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ रहा है। इससे उपचार में देरी होने के साथ-साथ मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है।

मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों में शामिल एमवाय अस्पताल में महीनों से मशीन बंद रहना स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। कई लोगों ने जल्द से जल्द मशीन शुरू करने की मांग की है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि तकनीकी कारणों से मशीन बंद है और इसे चालू करने की प्रक्रिया जारी है। हालांकि मरीजों का आरोप है कि लंबे समय से समस्या बनी हुई है।

# शिशुकुंज स्कूल में सैकड़ों बच्चे बीमार घबराए अभिभावकों ने किया हंगामा

इंदौर के शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल में उस समय हड़कंप मच गया, जब बड़ी संख्या में बच्चों की तबीयत अचानक खराब होने की सूचना सामने आई। बताया जा रहा है कि स्कूल के सैकड़ों छात्र उल्टी, पेट दर्द और अन्य स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों से प्रभावित हुए, जिसके बाद अभिभावकों में चिंता और आक्रोश फैल गया।

इंदौर। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल परिसर पहुंच गए और स्कूल प्रबंधन से जवाब मांगने लगे। कई बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल और निजी क्लीनिकों में ले जाया गया। अभिभावकों ने बच्चों के बीमार होने के कारणों की जांच कराने की मांग की है।

प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि भोजन, पेयजल या किसी अन्य कारण से बच्चों की तबीयत प्रभावित हुई हो सकती है। हालांकि वास्तविक वजह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि बच्चों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और स्वास्थ्य विभाग को भी सूचना दे दी गई है। वहीं प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम मामले की जांच में जुट गई है।

# कलेक्टर शिवम वर्मा ने युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण से जोड़ने के दिए निर्देश

आदित्य शर्मा

इंदौर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय में जिला कौशल विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के शासकीय आईटीआई में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं पाठ्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने



निर्देश दिए कि वर्तमान समय की मांग और औद्योगिक संस्थानों की आवश्यकताओं के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि कौशल विकास का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं को रोजगार से जोड़ना भी है।

कलेक्टर श्री वर्मा ने युवाओं से शासकीय आईटीआई में संचालित आधुनिक एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि आईटीआई के माध्यम से युवाओं को तकनीकी दक्षता प्राप्त होती है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद प्लेसमेंट और विभिन्न कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, श्री रिंकेश वैश्य तथा अपर आयुक्त नगर निगम श्री आकाश सिंह, श्री प्रखर सिंह तथा श्री एन.एन. पांडे सहित कौशल विकास से जुड़े विभागीय अधिकारी एवं संबंधित संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )